पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना

1. लखनऊ मंडल के विभिन्न विभागों (लेखा एवं RPF विभाग को छोड़कर) में कार्यालय अधीक्षक ग्रेड पे 4200/- लेवल -06 श्रेणी के अंतर्गत 20 प्रतिशत LDCE कोटा के पद पर चयन प्रक्रिया के माध्यम से भरे जाने का निर्णय सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदान किया गया है | रिक्तियों का विवरण निम्नवत है:-

क्र0सं0	विभाग	रिक्तियों की संख्या	समुदायवार रिक्तियों की संख्या			
			सा0	अजा0	अजजा0	PWBD INCLUDING
1	कार्मिक विभाग	18	14	03	01	01 (V.I.)
2	यांत्रिक (C&W)	06	05	00	01	01 (V.I.)
3	विद्युत/TRD	01	01	00	00	01 (V.I.)
4	वाणिज्य	03	02 (आगामी रिक्ति 01)	00	01	01 (V.I.)
5	एस & टी विभाग	01	01	00	00	01 (V.I.)
6	इंजीनियरिंग विभाग	08	06	01	01	01 (V.I.)
7	स्टोर / लजं	02	02	00	00	01 (V.I.)
8	स्टोर/ELS /गोंडा	02	02	00	00	01 (V.I.)
	योग	41	33	04	04	08 (V.I.)

PWBD की रिक्तियां नियमानुसार HORIZONTAL हैं |

2. पात्रता की शर्तें :-

इस चयन में सम्मिलित होने के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अहर्ता रखने वाले उन कार्यरत लिपिकीय श्रेणी के कर्मचारियों से संलग्न प्रोफोर्मा पर आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है , जो निम्नलिखित पात्रता रखते हैं :-

अवर लिपिक सह टंकक लेवल-02 एवं वरिष्ठ लिपिक सह टंकक लेवल-05 को मिलाकर अधिसूचना जारी होने की तिथि तक (जो कि कट-ऑफ तिथि है) कुल 05 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके हों (RBE 38/2019 & RBE 81/2019)|

अथवा

अवर लिपिक सह टंकक लेवल-02 में कार्यरत कर्मचारी अधिसूचना जारी होने की तिथि तक (जो कि कट-ऑफ तिथि है) कुल 05 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके हों (RBE 38/2019 & RBE 81/2019) |

अथवा

वरिष्ठ लिपिक सह टंकक लेवल-05 में कार्यरत कर्मचारी अधिसूचना जारी होने की तिथि तक (जो कि कट-ऑफ तिथि है) कुल 03 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके हों (RBE 38/2019 & RBE 81/2019) |

इस चयन में लखनऊ मंडल के विभिन्न विभागों (लेखा एवं RPF विभाग को छोड़कर) में कार्यरत लिपिकीय श्रेणी के उपरोक्त पात्रता वाले एवं इसके साथ टाइप टेस्ट में उत्तीर्ण अथवा टाइप टेस्ट में नियमानुसार छूट प्राप्त कर्मचारी ही आवेदन देने हेतु पात्र है | मुख्यालय/अन्य मंडलो में लियन/वरीयता वाले कर्मचारी इस चयन हेतु पात्र नही हैं |

3. पाठ्यक्रम

उपर्युक्त चयन हेतु पाठ्यक्रम संलग्न है |

26/12/25

4 .चयन की प्रक्रिया :-

1. उपरोक्त चयन की लिखित परीक्षा रेलवे बोर्ड के RBE सं 05/2024 के अनुसार CBT/टेबलेट आधारित परीक्षा (टीबीटी) के माध्यम से सम्पन्न करायी जाएगी , जिसमे कोई भौतिक प्रश्नपत्र नही होगा | सभी प्रश्न कंप्यूटर / टेबलेट पर बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे और कर्मचारी को प्रश्न के उत्तर कंप्यूटर / टेबलेट पर ही अंकित करने होंगे |
2. रेलवे बोर्ड के RBE सं 196 /2018 के माध्यम से प्रचारित पत्र के अनुसार ऑन लाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में 100 % वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे | कुल अंकों में 10 % प्रश्न राजभाषा नीति और नियमों (जो वैकल्पिक होंगे) से होंगे |
3. लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओ में होंगे |
4. रेलवे बोर्ड के पत्र सं (एन .जी.)I-2003 /सीएफपी/2 दिनांक 22.09.2003 के अनुसार चयन लिखित परीक्षा एवं सेवा रिकॉर्ड के आधार पर होगा , जिसमे 85 अंक लिखित परीक्षा एवं 15 अंक सेवा अभिलेख से लिया जायेगा | प्रश्न पत्र में पूछे जाने वाले 100 अंक को 85 अंक में परिवर्तित किया जायेगा |
5. IREM का कोई प्रावधान या रेलवे बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर कैडर पद पर चयन कर नियम और अन्य शर्तों के सम्बन्ध में हालाँकि इस अधिसूचना में अनजाने में छोड़े गये हैं उन्हें वैध और सक्रिय माना जाना चाहिए |
6. लिखित परीक्षा के अर्हक अंक 60 % हैं | SC –ST के कर्मचारी मौजूदा नियमों के अनुसार आरक्षित रिक्तियों में 10 % छूट के पात्र हैं | उक्त चयन में Best Amongst the failure scheme लागू नही है |
7. RBE सं 196/2018 एवं महाप्रबंधक / कार्मिक गोरखपुर के पत्र सं का/254 /चयन / प्रश्न बैंक /निर्देश/4/80 दिनांक 20.03.2019 के अनुसार लिखित परीक्षा में 100 अंको का बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ 120 मिनट का प्रश्न पत्र होगा | कुल 110 प्रश्न होंगे , जिसमे से 10 प्रश्न राजभाषा से होंगे जो वैकल्पिक होंगे तथा अभ्यर्थियों को कुल 110 प्रश्नों में से किन्ही 100 प्रश्नों का उत्तर देना होगा | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंकों की कटौती की जाएगी | उपरोक्त चयन की कोई अनुपस्थिति परीक्षा नही होगी |
8. कुल रिक्तियों की संख्या के बराबर सफल अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर नामिका तैयार की जाएगी | यद्यपि सफल अभ्यर्थियों को उनके सम्बन्धित अनुभाग / यूनिट में पहले से आंकी गयी रिक्तियों की संख्या के अनुरूप नही है , तो उन्हें अन्यत्र विभाग में दिए गये विकल्प के आधार पर पदस्थापित किया जा सकता है | प्राथमिकता का चयन मेरिट के आधार पर किया जायेगा यद्यपि सफल अभ्यर्थी को पहले उसके मूल विभाग में पदस्थापित किया जायेगा |
9. उत्तीर्ण / सुयोग्य अभ्यर्थियों का 21 कार्यदिवस का पदस्थापना पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा | चयनित अभ्यर्थी को कार्याधि लेवल -06 के पद पर पदस्थापित करने से पूर्व प्रशिक्षण / पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करना होगा , जिसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर एक निर्धारित परीक्षा आयोजित की जाएगी |
10. अधूरे एवं त्रुटिपूर्ण तथा सम्बन्धित नियंत्रक राजपत्रित अधिकारी से बिना अग्रसारित आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा |
11. कर्मचारी इसे लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु नोटिस समझें | परीक्षा कभी भी अल्प समय की सूचना पर संपन्न करायी जा सकती है |

5 . कर्मचारियों को सूचित करना :-

1 . सभी इच्छुक एवं पात्र कर्मचारी अपनी शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की स्वयं सत्यापित छायाप्रति संलग्न करके नियत तिथि या उससे पूर्व आवेदन प्रस्तुत कर सकते है |

2. नियंत्रक अधिकारी / पर्यविक्षक अपने अधीनस्थ उपरोक्त पात्रता वाले कर्मचारियों को इस अधिसूचना को नोट कराना एवं इसका व्यापक प्रचार – प्रसार कराना सुनिश्चित करें | आवेदन पत्र अपने नियंत्रक अधिकारी / पर्यविक्षक को जमा करने की अंतिम तिथि 12.01.2026 होगी | नियंत्रक अधिकारी / पर्यविक्षक द्वारा आवेदन पत्र को कार्मिक विभाग को भेजने की अंतिम तिथि दि. 15.01.2026 होगी |

3. सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी कृपया जो कर्मचारी प्रतिनियुक्ति /प्रशिक्षण अथवा अवकाश पर हों या ड्यूटी से बाहर गये हों अथवा सिक पर हों उन्हें विशेष सन्देश वाहक के माध्यम से सूचना भिजवाई जाय तथा उनसे इस अधिसूचना को नोट कराया जाय | इस अधिसूचना का व्यापक प्रचार – प्रसार किया जाय |

4. सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी कृपया सभी पात्र कर्मचारियों की पात्रता की जांच करते हुए आवेदन पत्र को समय सीमा के भीतर इस कार्यालय को अग्रसारित करें ताकि अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके | अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

5 . इस अधिसूचना में अंकित तथ्यों (contents) तथा रेलवे बोर्ड एवं मुख्यालय के तत्संबंधित निर्देशों एवं परिपत्रों के बीच किसी भी प्रकार का विरोधाभास होने की स्थिति में मुख्यालय एवं रेलवे बोर्ड के परिपत्र/दिशानिर्देश मान्य होंगे एवं तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी |

6. किसी भी अद्यतन के लिए नियमित रूप से मंडल की वेबसाइट का अवलोकन करें :-

https://ner.indianrailways.gov.in

7. आवेदन अमान्य होने की शर्तें :-

A.निर्धारित प्रारूप में आवेदन न होना।

B.बिना हस्ताक्षर तथा बिना सत्यापित फोटो वाला आवेदन।

C.वैध अनुलग्नकों के बिना आवेदन अवं आवेदन में दी गई जानकारी और संलग्न दस्तावेजों में भिन्नता।

D.आवेदन पत्र में कोई भी कटिंग , ओवर राइटिंग अवं कॉलम खाली छोड़ना।

E.आवेदन में तथ्यों को छिपाना या गलत जानकारी देना।

F. कोई भी अनियमितता।

G. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन।

प्राधिकार :- **Computer No:** 82102

संलग्नक :-आवेदन का प्रोफोर्मा एवं पाठ्यक्रम।

उपरोक्त पर सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

सहायक कार्मिक अधिकारी

लखनऊ

सं - **File No:** NER-LJN0PER/214/2022-O/o Sr DPO/LJN/NER

दिनांक -26.12.2025

प्रतिलिपि :-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1) महाप्रबंधक /कार्मिक गोरखपुर को सादर सूचनार्थ
2) सभी शाखाधिकारी लखनऊ मंडल
3) सकाधि-I & II & IV लजं , विधि अधिकारी लजं
4) सभी ककनि/मुककनि लजं
5) मुकार्याधि/सभी विभाग लखनऊ मंडल
6) सम्बन्धित कर्मचारी
7) मुकार्याधि/गोपनीय अनुभाग लजं-कृपया इस अधिसूचना को मंडल की वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें।
8) म0मं0/NERMC/एससी-एसटी एसो लजं

कृते मंडल रेल प्रबन्धक (कार्मिक)

लखनऊ

पूर्वोत्तर रेलवे

आवेदन का प्रारूप

लखनऊ मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत (जिनका लियन /वरीयता इस मंडल में है , लेखा /RPF विभाग को छोड़कर) लिपकीय संवर्ग के कर्मचारियों के लिए कार्यधि ले-6 ग्रेड पे 4200/- के पद पर 20% LDCE कोटे के अंतर्गत चयन के माध्यम से भरने हेतु आवेदन पत्र (**Computer No:** 82102) :-

आवेदक की नवीनतम पासपोर्ट साइज़ फोटो नियंत्रक अधिकारी द्वारा सत्यापित/मुहर सहित

1 . नाम (सर्व श्री /श्रीमती/कुमारी)..

2.पिता/पति का नाम ....

3 .समुदाय /जाति का नाम ....

(सामान्य /अजा ,अजजा, प्रमाण पत्र संलग्न)

4.जन्म-तिथि (प्रमाण पत्र संलग्न) ....

5.नियुक्ति –तिथि ,पद व लेवल..

6. वर्तमान पद व लेवल ....

7.अवर लिपिक के पद पर नियमित नियुक्ति / पदोन्नति तिथि ....

8 .वरिष्ठ लिपिक के पद पर नियुक्ति / पदोन्नति तिथि ....

9. दिनांक 26.12.2025 को लिपकीय संवर्ग मे कुल नियमित सेवा-वर्ष ....माह ....दिन ....

10. विभाग एवं पदस्थाना स्थल ....

11.भविष्य निधि संख्या ....12. HRMS ID..

(पे स्लिप संलग्न)

13.शैक्षणिक योग्यता ....

(प्रमाण पत्र संलग्न)

14.स्थान जहाँ लियन / वरीयता का रख-रखाव है ....

15.अन्य विवरण यदि है तो ....

16. मोबाइल सं ....

17. ई –मेल आईडी..

18.PWBD हाँ अथवा नही......................यदि हाँ तो विवरण (प्रमाण पत्र संलग्न)......................

19.टाइप टेस्ट पास है अथवा नही ....20. टाइप टेस्ट मे छूट प्राप्त करने की तिथि ....

21.विभाग का विकल्प **1. मूल विभाग** 2........................3........................4........................

मैं प्रमाणित करता हूँ कि /करती हूँ कि उपरोक्त दी गयी सूचना / जानकारी सत्य है | यदि इसमें कोई असत्यता पायी जाती है तो मेरे आवेदन को निरस्त कर दिया जाये |

प्रार्थी

( )

स्थान -

नाम -

पदनाम -

कार्यालय-

दिनांक -

नियंत्रक अधिकारी द्वारा अग्रसारित

(अधिकारी का मुहर)

सम्बन्धित आवेदक के सेवा अभिलेख से मिलान के पश्चात सभी जानकारी/सूचना सही पायी गयी है :- कैडर लिपिक /मुकार्याधि/कैडर

24/12/25

File No.NER-HQ0PERS(POLI)/131/2025-O/o SPO/HQ/HQ/NER

कार्यालय महाप्रबन्धक (कार्मिक), पूर्वोत्तर रेलवे / गोरखपुर–273012
Office of the General Manager (P), N. E. Railway Gorakhpur-273012

क्रमाँकः–153

File No: NER-HQ0PERS(POLI)/131/2025-O/o SPO/HQ/HQ/NER(**Computer No:** 140773) दिनाँक 15/09/2025

सचिव / महाप्रबन्धक
सचिव / अपर महाप्रबन्धक
सभी विभागाध्यक्ष
सभी मण्डल रेल प्रबन्धक
सभी कार्मिक अधिकारी
सभी मुख्य कारखाना प्रबन्धक
सभी अतिरिक्त मण्डलाधिकारी / स्थापना
पूर्वोत्तर रेलवे

विषय :– लिपिकीय (मिनिस्ट्रीयल) संवर्ग के विभिन्न पदों पर चयन हेतु पाठयकम के सम्बन्ध में।
संन्दर्भ :– महाप्रबन्धक / कार्मिक / गोरखपुर का पत्र संख्या ई / 2025 / सर्कुलर / चार
दिनॉक 25.06.2025

....

विषयगत मामले में लिपिकीय (मिनिस्ट्रीयल) संवर्ग के निम्नलिखित पदों पर चयन हेतु पाठयकम हिन्दी / अंग्रेजी में आवश्यक कार्रवाई हेतु जारी किया जा रहा है–

S.No.	Subject	Quota
1	JUNIOR CLERK IN LEVEL-2	16 2/3% LDCE QUOTA
2	JUNIOR CLERK IN LEVEL-2	33 1/3 % DPQ QUOTA
4	SENIOR CLERK IN LEVEL-5	13 1/3% LDCE QUOTA
5	SENIOR CLERK IN LEVEL-5	66 2/3% DPQ QUOTA
6	OFFICE SUPERINTENDENT IN LEVEL -6	20% LDCE QUOTA
7	STENOGRAPHER Gr.III	25% by promotion by selection of shorthand knowing clerks/Typist & against 25% by General Selection from Serving Group C employees knowing shorthand
8	CHIEF STAFF & WELFARE INSPECTOR LEVEL-7 (4600 GP)	20% QUOTA
9	CHIEF STAFF & WELFARE INSPECTOR LEVEL-6 (4200 GP)	50% QUOTA & 35% QUOTA

उपरोक्त पर सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

संलग्नक/यथोपरि

Digitally Signed by Vinod Kumar Dwivedi
Date: 16-09-20[illegible]
Reason: Approved

(वी.के.द्विवेदी)
उप मुकाधि/मुख्यालय
कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषितः-

1) महामंत्री /एन.ई.रेलवे मेन्स कांग्रेस/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर
2) महामंत्री /प्रोमोटी अधिकारी संघ /पूर्वोत्तर रेलवे /गोरखपुर
3) पूर्वोत्तर रेलवे प्रथम श्रेणी अधिकारी संघ /गोरखपुर
4) महामंत्री /एस.सी/ एस.टी एवं ओबीसी एशोसियेशन /गोरखपुर

कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

SYLLABUS FOR SELECTION TO THE POST OF OFFICE SUPERINTENDENT IN LEVEL-6 AGAINST 20% LDCE QUOTA

1	Organizational Structure of Ministry of Railways at Railway Board, Zonal Railway, Divisional/Unit levels.
2	Office Procedure
	a) Management of DAK and Receipts. b) File Management c) Records Management including records retention Schedule. d) Classification of documents and handling of classified documents. e) Dealing of VIP, MP, MLA and CA-III references.
3	Forms of communications
	a) Letter/DO writing b) Notifications c) Writing Noting on files.
4	Award of Works in Works Programme.
5	Procedure for Stores Procurement(including through GeM).
6	Statutory Audit/Accounts Inspection Notes, Draft Paras.
7	Standards of financial propriety.
8	Classification of demands of grants.
9	Absorption of medically de-categorised staff.
10	Railway Housing(Railway Quarters allotment)Policy.
11	Discipline & Appeal Rules and conduct rules.
12	Medical examination and Medical facilities available to Railway employees.
13	Man Power Planning – Vacancy Bank, Creation of Posts, Benchmarking, Supernumerary Posts, redeployment of surplus staff, redistribution of posts & Training.
14	Recruitment, appointment on compassionate ground/Sports Quota/Scout & Guide/Cultural Quota, Selection & Suitability, Seniority, grant of MACPs benefit and APAR.
15	Deputation.
16	Pay ,Allowances& Advance.
17	Pass rules.
18	Leave rules& Joining time.
19	Railway Pension Rules(OPS, NPS& UPS), Retirement benefits.
20	Railway Servants (Hours of Work & Period of rest) Rules, 2005.
21	Reservation in Recruitment & Promotion, Maintenance of Reservation Roster.
22	Labur Laws – Employees compensation Act, Payment of Wages Act, Minimum Wages Act, Industrial Dispute Act,
23	Staff Welfare, Staff Benefit Fund& Co-operative Societies.
24	Model Schedule of Powers.
25	Right to Information Act 2005
26	Official Language Policy, Act and rules.
27	Recognition and facilities to Trade Union/Associations, PNM, PREM& ZRUCC.
28	CPGRAM, HRMS, E-office, UMID

Note- 1: Questions set in the paper will be normally to assess the understanding of the candidates w.r.t. various topics as above which various ministerial staff are required to know.

Note- 2: 10% of the total marks will be from Official Language Policy, Act and rules which will be optional.

****

20% एलडीसीई कोटा के तहत कार्यालय अधीक्षक (लेवल–6) के पद पर चयन के लिए पाठ्यक्रम

****

1	रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलवे, मण्डल/इकाई स्तर पर रेल मंत्रालय की संगठनात्मक संरचना ।
2	कार्यालय प्रकिया
	(क) डाक और प्राप्तियों का प्रबंधन । (ख) फाइल प्रबंधन (ग) अभिलेख प्रबंधन, जिसमें अभिलेख प्रतिधारण अनुसूची शामिल है। (घ) दस्तावेजों का वर्गीकरण और वर्गीकृत दस्तावेजों का संचालन। (ड़) वी.आई.पी., एम.पी., एम.एल.ए. और सी.ए.–।।। संन्दभों का निपटारा।
3	संचार के प्रकार
	(क) पत्र/कार्यालय लेखन (ख) अधिसूचनाएँ (ग) फाइलों पर नोट लिखना
4	कार्य कार्यक्रम में कार्यो का आवंटन ।
5	भण्डार खरीद की प्रकिया (GeM के माध्यम से सहित)
6	संवाधिक लेखा परीक्षा/लेखा निरीक्षण नोट्स, प्रारूप अनुच्छेंद ।
7	वित्तीय औचित्य के मानक ।
8	अनुदान माँगों का वर्गीकरण।
9	चिकित्सकीय रूप से विर्गीकृत कर्मचारियों का आमेलन।
10	रेलवे आवास (रेलवे क्वार्टर आवंटन) नीति।
11	अनुशांसन एवं अपलल नियम तथा आचरण नियम।
12	रेलवे कर्मचारियों को उपलब्ध चिकित्सा जाँच और चिकित्सा सुविधाँए।
13	जनशक्ति नियोजन–रिक्ति बैक, पदों का सृजन, बेंचमार्किंग, अधिसंख्य पद, अधिशेष कर्मचारियों की पुनर्नियोजन, पदों का पुनर्विरण और प्रशिक्षण।
14	भर्ती, अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति/खेल कोटा/स्काउट एवं गाइड/सांस्कृतिक कोटा, चयन एवं उपयुक्ता, वरिष्ठता, एमएसीपीए लाभ और एपीएआर प्रदान करना।
15	प्रतिनियुक्ति।
16	वेतन, भत्ते और अग्रिम।
17	पास नियम।
18	अवकाश नियम और कार्य–भार ग्रहण समय।
19	रेलवे पेंशन नियम (ओपीएस/एनपीएस/यूपीएस), सेवा निवृत्ति लाभ।
20	रेलवे कर्मचारी (कार्य के घण्टे और विश्राम अवधि) नियम 2005
21	भर्ती और पदोन्नति में आरक्षण, आरक्षण रोस्टर का रखरखाव।
22	श्रम कानून–कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, मजदूरी भुगतान अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, औद्योगिक विवाद अधिनियम।
23	कर्मचारी कल्याण, कर्मचारी लाभ निधि एवं सहकारी समितियाँ।
24	शक्तियों का आदर्श अनुसूची।
25	सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 ।
26	राजभाषा नीति, अधिनियम एवं नियम।
27	ट्रेड यूनियन/एसोसिएशन, पीएनएम, पीआरईएम एवं जेड आरयूसीसी को मान्यता एवं सुविधाएँ।
28	सीपीग्राम, एलआरएमएस और ई–आफिस एवं उम्मीद।

नोट–1) प्रश्न पत्र में पूछे गए प्रश्न सामान्यतः विभिन्न विषयों के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों की समझ का आकलन करने के लिए होगे, जिन्हे विभिन्न मंत्रालयिक कर्मचारियों को जानना आवश्यक है।

नोट–2) कुल अंकों का 10% अंक राजभाषा नीति, अधिनियम और नियमों से होगा, जो वैकल्पिक होगा।

****